# डीआरएम ने सोगरिया से चौराखेड़ी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया

■ सोगरिया, बारां, छबड़ा गूगोर, मोतीपुरा चौकी रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं तथा संरक्षा निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक पंकज शर्मा ने बुधवार को सोगरिया स्टेशन से लेकर चौराखेड़ी तक के संपूर्ण रेलखंड का संरक्षा की दृष्टि से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। बुधवार को प्रात: 8.10 बजे अधिकारियों के साथ सबसे पहले सोगरिया रेलवे स्टेशन का जायजा लिया। यहां स्टेशन मास्टर कार्यालय, प्लेटफार्म, क्वीक वाटरिंग सिस्टम, परिभ्रमण क्षेत्र, कोच गाइडेंस सिस्टम आदि का निरीक्षण किया। सोगरिया से रवाना होने के बाद भौंरा अंता के बीच लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 19, डाउन कर्व संख्या 6 का संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया। इसके बाद बारां रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। यहां पर स्टेशन मास्टर कार्यालय के पैनल बोर्ड का संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया।



कोटा रेलवे डीआरएम पंकज शर्मा ने निरीक्षण कर निर्देश दिये।

छजावा यार्ड के निकट लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 43 का भी निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात रेलकर्मियों से रूबरू होकर उनके संरक्षा संबंधी ज्ञान को जांचा, परखा। डीआरएम ने छबड़ा गूगोर रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत प्लेटफार्म, यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य सभी यात्री सुविधाओं को बारीकी से देखा तथा तथा स्टेशन पर संरक्षा संबंधी रजिस्टर, निरीक्षण संबंधी रिकार्ड, आर आर आई का भी निरीक्षण किया। साफ सफाई का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर उपस्थित सभी रेल कर्मचारियों को दैनिक कामकाज के दौरान संरक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा मोतीपुरा चौकी रेलवे स्टेशन पर भी प्लेटफार्म, कवर ओवर शेड, रेलवे ट्रैक, संरक्षा संबंधित रजिस्टर, यात्री प्रतीक्षालय, परिभ्रमण क्षेत्र, पैनल इंटरलाकिंग आदि का भी निरीक्षण किया। ब्रिज संख्या 134 पर उतरकर यहां भी संरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया।

मंडल रेल प्रबंधक ने रेलखंड में विभिन्न जगहों पर भी ड्यूटी पर उपस्थित रेलकर्मियों जैसे गेटमैन, रेलवे ट्रैक मेन, स्टेशन मास्टर, सिग्नल कर्मचारियों सहित संरक्षा से जुड़े अन्य रेलकर्मियों से रू-ब-रू होकर उनसे उनकी कार्यप्रणाली के बारे में पूछताछ की तथा उनके संरक्षा से संबंधित ज्ञान को जांचा परखा। निरीक्षण के दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार पाल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक तुषार सारस्वत, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मंडाना में दो बड़ी जल संरचनाओं का निर्माण होगा

कोटा, (निसं)। डीसीएम श्रीराम लि. द्वारा कोटा जिले में चलाये जा रहे सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत मंडाना तहसील के ग्राम मोहनपुरा एवं सोहनपुरा में दो बड़ी जल संरचनाओं का निर्माण करवाया जायेगा।

निर्माण कार्य का उद्घाटन 9 फरवरी को सरपंच भवरिया कजोड़ीलाल, हल्का पटवारी, जल बिरादरी संस्था के प्रतिनिधि, गांववासियों एवं डीसीएम श्रीराम के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। दो जल संरचनाओं का निर्माण संस्थान की ओर से तरूण भारत संघ एनजीओ द्वारा आने वाले 2 माह के भीतर किया जायेगा। डीसीएम श्रीराम द्वारा दो जल संरचनाओं के निर्माण में लगभग 36 लाख रूपये का व्यय किया जायेगा। संस्थान द्वारा मंडाना तहसील के 7 गांवों में जल संरक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इन गांवों में 13 जल संरचनाओं का निर्माण किया जायेगा। निर्माण कार्य के अतिरिक्त संस्थान तरूण भारत संघ की मदद से गांववासियों में जल संरक्षण हेतु व्यवहार परिवर्तन के कार्यक्रम भी चलाएगा। संस्थान द्वारा इन गांवों के किसानों के लिए विगत वर्षों से कृषि कौशल कार्यक्रम जीतेगा किसान एवं स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम खुशहाली सेहत भी चलाये जा रहे हैं।

## सार-समाचार

### मंदिर का वार्षिकोत्सव 14 को

कोटा, (निसं)। केशवपुरा सेक्टर-4 स्थित रामजानकी मंदिर के वार्षिकोत्सव हेतु श्री मनोरथपूर्ण हनुमान मंदिर समिति की बैठक बुधवार को समिति अध्यक्ष सतीश राठौर की अध्यक्ष में मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 फरवरी को मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। मीडिया प्रवक्ता परमानंद महावर ने बताया कि 13 फरवरी को मंदिर में अखण्ड रामायाण पाठ प्रारंभ होगा जो कि अगले दिन 14 फरवरी को पाठ की पूर्णाहुति होगी। तत्पश्चात ठाकुर जी की महाआरती होगी एवं कैलाश चंद गुप्ता की ओर से भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा ठाकुरजी का महाभिषेक किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा बनाई गई कोरोना गाइड लाईन का ध्यान रखा जाएगा। सभी भक्तजन पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। बैठक में संरक्षक रामेश्वर प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह, महामंत्री गजेंद्र सिंह चौहान, उपमहामंत्री मुकेश कुमार सेन एडवोकेट, कोषाध्यक्ष रमेश चंद शर्मा, संगठन मंत्री चतर्भुज जांगिड़, कार्यकारिणी सदस्य बनवारी लाल नागर, बृजमोहन सेन, पीसी अग्रवाल, कैलाश चंद यादव, सूरजमल दाधीच, एम सिंह हाड़ा, लालचंद गोचर, लालचंद गुप्ता, रामगोपाल गुर्जर, लक्ष्मीनारायण राठौर, देवेंद्र प्रजापति, प्रेमनारायण सिंह उपस्थित थे।

### अनंतपुरा क्रिकेट अकादमी जीती

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा क्रिकेट अकादमी बनाम यूनिक क्रिकेट अकादमी बीच मैच खेला गया। इस मैच में अनंतपुरा क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरे सलामी बल्लेबाज अनस अली ने शुरुआत से लेकर आखिर तक टीम की कमान संभाले रखी और नाबाद 118 रनों की शानदार पारी खेली और सचिन ने 30 और हेमंत ने 26 रन बनाये। अनंतपुरा ने 261 रनों के स्कोर बनाया। यूनिक क्रिकेट अकादमी की तरफ से निशांत, महिपाल और आयुष ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूनिक क्रिकेट अकादमी 165 के स्कोर पर ऑल आउट हो गयी। यूनिक क्रिकेट अकादमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और निरंतर विकेट गिरते रहे यूनिक क्रिकेट अकादमी की तरफ से माहि सारण ने 48 रन, अंकित ने 28 रन और देवेश ने 24 रन बनाये। अनंतपुरा क्रिकेट अकादमी की तरफ से आदर्श गोचर ने शानदार 5 विकेट लिए तथा कामिल खान ने 2 विकेट लिए। अनंतपुरा क्रिकेट अकादमी ने यूनिक क्रिकेट अकादमी को 96 रन से हराया। अनस अली को शतकीय पारी खेलने पर मैन ऑफ़ द मैच दिया गया।

### परेशानियों से अवगत कराया

कोटा, (निसं)। कोटा के व्यापारियों एवं उद्यमियों से विभागीय कार्य (एनओसी) के नाम पर प्रदूषण मंडल के अधिकारियों द्वारा उनके प्रतिष्ठान पर जाकर बदसलूकी की जाने की शिकायत पर कोटा दक्षिण कांग्रेस प्रत्याक्षी एवं पीसीसी सचिव राखी गौतम ने समाधान हेतु पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को पत्र भेजा। पत्र में गौतम ने बताया कि कोटा स्थित प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक औपचारिकताऐं पूर्ण करने, निर्धारित शुल्क जमा के तदोपरांत भी विभाग द्वारा शोकेस नोटिस जारी कर कार्यवाही करने की धमकी निरंतर व्यापारियों एवं उद्यमियों को दी जा रही है, जो कि सर्वथा अनुचित है। जब व्यापारियों, उद्यमियों द्वारा अपना पक्ष रखा जाता है तो अधिकारी उनके साथ बदसलूकी करते हैं और उन्हें फैक्ट्री बंद कराने की धमकी भी देते हैं, उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा सब दस्तावेज पूर्ण होने के उपरांत भी अधिकारियों द्वारा अनावश्यक परेशान करना सामान्य प्रक्रिया बन चुका है। विभाग द्वारा निर्धारित समय उपरांत भी विभागीय कार्य पूर्ण नही किए जाते हैं ऐसे मे सम्पूर्ण व्यापारी वर्ग अनावश्यक रूप से मानसिक तनाव में है तथा अगर ऐसी ही परिस्थिति बनी रही तो नये उद्योगों की स्थापना कोटा में किस प्रकार हो पायेगी।

### परिचय सम्मेलन 26, 27 मार्च को

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में विशाल 20वां अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26-27 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संभागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल परिचय सम्मेलन के रजिस्ट्रेशन फॉर्म सभी केंद्रों पर उपलब्ध हैं। युवा अध्यक्ष संजय गोयल ने बताया कि बैठक में संगठन मंत्री नवीन अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल, अंकित गर्ग, सुरेश अग्रवाल महामंत्री, गजानन्द सिंघल समेत संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आज यहां बिजली बंद रहेगी

कोटा, (कासं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक नांता व आसपास का क्षेत्र सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कंसुआ, डीसीएम चौराहा, डीसीएम रोड, कंसुआ चौराहा, इंदिरा गांधी नगर, विजय लक्ष्मी स्कूल के आसपास, कंसुआ शिव मंदिर के आसपास, चौहान नर्सिंग होम, श्मशान घाट, राजपूत कॉलोनी, कंसुआ अर्फोडेबल, एसएसएफ चौराहा, प्रेमनगर पुलिस चौकी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक वीर सावरकर नगर, श्री महावीर क्रोकरी व बर्तन भण्डार के आसपास, महावीरनगर थाने के पीछे सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक जनकपुरी कॉलोनी व आसपास का क्षेत्र आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### गर्भवती महिलाओं की सेहत जांची

कोटा, (निसं)। जिले के सभी 78 चिकित्सा सस्थानों पर बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन हुआ। इनमें 1458 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व विशेष स्वास्थ्य जांच हुई। चिकित्सकों ने गर्भाकाल के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया, जरूरी जांचे करवाई और दवाईयां दी। सीएमएअचो डॉ. भूपेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि अभियान में शहर के 6 केंद्रों पर जाकर 4 निजी स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भी स्वैच्छिक सेवाएं दी। इनमें डॉ निधी बंसल, डॉ अमीना बानो, डॉ रितू पंवार और डॉ. प्रियंका माहेश्वरी शामिल है। अभियान में कोविड-19 गाईडलाइन का पालन कर सेवाएं दी गई।

# जिला कलेक्टर ने नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया

■ शहर की सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनीटरिंग के दिये निर्देश

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण कर शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण कर नागरिक सेवा केन्द्र पर आने वाले व्यक्तियों को मौके पर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये।



कोटा नगर निगम का जिला कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी समय समय पर निरीक्षण करें तथा आम नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लेकर आवश्यक सुधार करे। उन्होंने इंदिरा क्रेडिट कार्ड योजना में पात्र लोगों को बैंकों से समन्वय कर समय पर ऋण दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में नगर निगम द्वारा किए जा रहे नवाचारों कचरा संग्रहण एवं विभाजन कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सभी पार्कों का रखरखाव एवं सफाई व्यवस्था निरंतर की जावे।

जिला कलेक्टर ने नगर निगम के नागरिक सहायता केंद्र का निरीक्षण कर आम नागरिकों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि नागरिक सेवा केंद्र में आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटे, पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं, ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी नागरिक सेवा केंद्र के द्वार पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित नागरिकों से चर्चा कर उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा केंद्र पर ऑनलाइन सेवाएं बाधित होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने किसी भी परेशानी के समय कार्मिकों को उच्च अधिकारी के ध्यान में प्रकरण लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर निगम क्षेत्र नगर निगम कार्यालय की सफाई व्यवस्था को बेहतर बताया तथा सफाई उपकरण का उपयोग लेकर निरंतर शहर में बेहतर सफाई प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट सिटी कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा शहर में चल रहे विकास कार्यो की निगरानी के लिए की जा रही कार्यवाही को देखा तथा सभी कार्मिकों से दायित्वों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कोटा सिटी बस सर्विस के संचालन के बारे में भी चर्चा कर आम नागरिकों के हित में निजी बस ऑपरेटरों को भी विभिन्न मार्गों पर बस संचालन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर वासुदेव मलावत, अतिरिक्त आयुक्त राजपाल सिंह, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम दक्षिण अंबा लाल मीणा, उपायुक्त अशोक त्यागी, स्मार्ट सिटी के अधिशाषी अभियंता केएम शर्मा, अधिशाषी अभियंता ए.क्यू. कुरैशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ का धरना तीसरे दिन भी जारी

■ तहसीलदार ने धरने पर बैठे किसानों से मुलाकात की

कोटा, (निसं)। भारतीय किसान संघ जिला कोटा द्वारा भारतमाला प्रोजेक्ट में किसानों को दो साल से मुआवजा नहीं मिलने और नहरी तंत्र को तहस-नहस करने के विरोध जालिमपुरा सुलतानपुर में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान किसानों ने आटा-दाल भी धरना स्थल पर ही लाकर रख लिए। किसानों ने बुधवार से भोजन भी धरना स्थल पर बनाना शुरू कर दिया है। जबकि सर्द रातें भी धरना स्थल पर ही गुजार रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में भारतमाला प्रोजेक्ट के निर्माण कर्यो को बंद कराया हुआ है। हालांकि किसानों की समझाइश करने के लिए बुधवार को प्रशासन की ओर से दीगोद के तहसीलदार भरत यादव धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बहुत जल्दी सकारात्मक सन्देश और खुशखबरी मिलने की बात कही। किसानों ने पूरा मुआवजे पुरानी दर पर देने की लिखित गारंटी मिलने तक धरने पर ही डटने की बात कही।

जिला प्रचार प्रमुख रूपनारायण यादव ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी से लिखित समझौता होने पर ही धरना समाप्त हो सकता है। जिला अध्यक्ष गिरीराज चौधरी ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो संभाग भर के किसानों को धरने पर बुलाया जाएगा।

धरने पर प्रदेश मंत्री जगदीश कलमंडा, जिला उपाध्यक्ष मुकुट बिहारी नागर, तहसील संरक्षक ब्रह्मानन्द शर्मा, जिला जैविक प्रमुख हेमराज दीक्षित, सहजिला मंत्री पवन शर्मा, तहसील अध्यक्ष कजोड़ीलाल मीणा, तहसील मंत्री बिरधीलाल यादव, तहसील प्रचार प्रमुख मुकेश राठौर, हरीश मीणा, बाबूलाल मीणा कचोलिया, रामनारायण मीणा तोरण, हनुमान मेरोठा पंचायत समिति सदस्य, जगदीश गुर्जर नरपतखेड़ी, मुकुट सैनी बगतरी, हिमांशु कौशिक, जसवन्त मालव, नन्दलाल खेरूला, कालू शर्मा, अनिल मित्तल, शुभम मित्तल समेत तोरण, बगतरी, किशोरपुरा, कचोलिया, खेरूला, जालिमपुरा, बड़ौद, खेड़ली तंवरान, नरपतखेड़ी, मोरपा, सुल्तानपुर, सुरेला, प्रेमपुरा आदि गांवों के किसानों ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन किया।

## सोगरिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस को14 को बिरला करेंगे रवाना

■ स्पीकर बिरला के प्रयासों से कोटा मंडल के कई स्टेशनों पर गाड़ियों का ठहराव भी स्वीकृत हुआ है

कोटा, (निसं)। सोगरिया स्टेशन के पुनर्विकास के बाद अब इस स्टेशन से नई दिल्ली के लिए ट्रेन सुविधा भी प्रारंभ होने जा रही है। तीन दिवसीय प्रवास पर कोटा आ रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 14 फरवरी को सोगरिया-नई दिल्ली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। स्पीकर बिरला के प्रयासों से कोटा मंडल के कई स्टेशनों पर गाड़ियों का ठहराव भी स्वीकृत हुआ है।

जानकारी के अनुसार सोगरिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस दोपहर 4.25 बजे कोटा से रवाना होकर रात 10.35 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी अगले दिन सुबह 7.10 बजे नई दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 1.25 बजे सोगरिया स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी लाखेरी, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, श्री महावीर जी, भरतपुर तथा मथुरा स्टेशन पर रूकेगी।

संसदीय क्षेत्र के लोगों की मांग पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने पांच ट्रेनों का मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव स्वीकृत करवाया है। जानकारी के अनुसार बांद्रा-बरौनी अवध एक्सप्रेस 12 फरवरी से रामगंजमंडी स्टेशन, इंदौर-जोधपुर रणथम्भौर एक्सप्रेस 12 फरवरी से दरा स्टेशन पर, बांद्रा-हरिद्वार देहरादून एक्सप्रेस 12 फरवरी से दरा और मोड़क स्टेशन तथा 13 फरवरी से केशवरायपाटन और कापरेन स्टेशन तथा जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस 13 फरवरी से लाखेरी स्टेशन पर रूकेगी। स्पीकर बिरला स्वयं 13 फरवरी को दयोदय एक्सप्रेस से लाखेरी जाएंगे।

# कांग्रेस विधायक भरत सिंह ने अपनी ही सरकार के खिलाफ दिया धरना

कोटा, (निसं)। विधायक भरत सिंह के नेतृत्व में कोटा कलेक्ट्रेट में धरना शुरू हो गया है। इनकी मांग बारां जिले के गांव खान की झोपड़ियां को कोटा में शामिल करने की है। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। जिसमें खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया इनके निशाने पर हैं। खनन मंत्री प्रमोद जैन भाया को भ्रष्ट और चोर बताते हुए इन लोगों ने उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग भी कर दी है। इसके साथ ही पहले से चर्चित रहा पोस्टर भी यहां पर लगाया गया है। जिसमें मंत्री भाया के खिलाफ पत्थर और रेत थाने का आरोप लगाते हुए स्लोगन लिखे हुए हैं। विधायक भरत सिंह के नेतृत्व में हो रहे इस धरने प्रदर्शन में फ्लेक्स पर रावण का चित्र बनाया हुआ है जो उल्टा है। इस पर लिखा है कि 'प्रशासन उल्टे काम कब सुल्टा करेगा' यह स्लोगन ऑन के झोंके बढ़िया गांव को लेकर लिखा है एमएलए भरत सिंह ने मीडिया से कहा कि 10 अप्रैल 1991 को बारां जिला बना था, तब काली सिंध नदी को बॉर्डर बताकर जिले सीमा तय हुई थी। इसमें खान की झोपड़िया गांव कोटा जिले की सीमा में है, वह गलती से बारां जिले में दर्शाया हुआ है। बीते 30 साल से यह गांव बारां जिले में ही है और हम कोटा में मिलाने की मांग कर रहे हैं।

मैंने पहले ही कह दिया था विधानसभा में नहीं जाकर कलेक्ट्रेट के सामने कोटा में धरना दूंगा और यह धरना इसीलिए दिया गया है। इस धरने की सूचना हमने जिला प्रशासन को दी थी। जिसके बाद ही कोटा के जिला कलेक्टर हरिमोहन मीणा और संभागीय आयुक्त दीपक नन्दी ने राज्य सरकार को हमारी मांग का पत्र भेज दिया। जिसमें उन्होंने भूल दुरुस्त करने की बात कही है। विधायक भरत सिंह ने कहा कि मैंने सोचा था इस धरने की नौबत नहीं आएगी। सरकार इस गलती को दुरुस्त कर देगी, लेकिन मुझे जानकर आश्चर्य व तकलीफ हुई है कि बारां जिले के तीन कांग्रेस विधायकों ने सरकार को इस भूल सुधार नहीं करने के लिए लिखा है ताकि खान की झोपड़ी में अवैध खनन व चोरी हो सके। भरत सिंह ने यहां तक कह दिया कि व्यक्ति के बुजुर्ग को जाने पर बहुत ऊंचा सुनता है, तो जोर से बोलना पड़ता है। सरकार के सुनने की क्षमता कम हो गई है इसलिए जोर से ऊंचा बोलना पड़ रहा है। मैंने यह मुद्दा विधानसभा में उठाया है लेकिन कई बार विधानसभा की चारदीवारी में ही अटक जाता है। मैं कोटा में जो धरना देकर बोल रहा हूं यह बात विधानसभा में पहुंच जाएगी। विधानसभा के संवाद कार्यक्रम को उन्होंने ट्रेनिंग बताया और कहा कि ट्रेनिंगशुदा व्यक्ति हूं। मैं पहले ही ट्रेनिंग पा चुका हूं।

विधायक भरत सिंह के अपनी ही सरकार के विरुद्ध धरना देने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने धरना देने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने और विधायक भरत सिंह को पार्टी निलंबित करने की मांग की है।

उन्होंने सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा से पत्र लिखकर कहा कि कोई भी बात पार्टी के फोरम पर उठानी चाहिए। जब सीएम सभी विधायकों से जयपुर बात कर रहे हैं तो उसी मंच पर बात की जानी चाहिए थी। विधायक अपनी बात को विधानसभा सत्र के दौरान भी उठा सकते थे, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक रूप से पार्टी को कटघरे में खड़े करने का काम किया है, जो कांग्रेस की रीति नीति के खिलाफ है।

## श्रद्धांजलि दी

झालावाड़, (निसं)। I गायिका लता मंगेशकर को संगीत मंच परिवार ने गीतों और उद्गार के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दिनांक 08 फरवर को रात्रि 8 बजे तिलक नगर में चेतन शर्मा के आवास पर एक कार्यक्रम एवं शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मंच परिवार के कलाकारों व लेडी अनुसुइया स्कूल के प्रिंसिपल प्रभात सक्सेना व लेसिया स्मार्ट स्कूल की प्रिंसिपल शालिनी पारीक द्वारा भावपूर्ण गीतो के माध्यम से श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। मंच अध्यक्ष प्रवीण भाटिया व सचिव असलम खान सिंगर ने संयुक्त बयान में बताया कि लता दीदी ने भारतीय गीत संगीत को विश्व के कोने-कोने में उंचाईया देते हुए भारत को ख्याति प्रदान की।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम पुराना नाम अरूण झामन मेहता से बदलकर नया नाम अरूण मेहता पुत्र झामन मेहता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-अरूण मेहता पुत्र झामन मेहता फ्लेट नम्बर 810 अरावली टावर सिटी सेन्टर हाईट्स बजरंग नगर, कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना शादी पुर्व का नाम फरहानाज सय्यदअली शेख से बदलकर शादी पश्चात नया नाम फरहानाज वकार खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता- फरहानाज वकार खान पत्नि वकार खान हजीरा बस्ती रोड पानी की टंकी के पास मिरासी बस्ती शिवपुरा, कोटा

**खोया पाया**

मेरे मकान नं. 3-एल-12 दादाबाडी विस्तार योजना कोटा के मूल दस्तावेज जिनमें कब्जा पत्र रास्ते में कही गिर गया है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर सूचित करें।

पता-लक्ष्मी सोनी पुत्री माणक चन्द सोनी म.नं. 3-एल-12 दादाबाडी विस्तार योजना, कोटा मो. 9928435809

# समाजसेवा करने वालों को सम्मानित किया

रामगंजमंडी, (निसं)। पिछले 10 दिनों से राजकीय मंगलम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दशा सुधारने में उपखण्ड अधिकारी की पहल पर युवा दल सदस्यों द्वारा सकारात्मक कार्य किए जिसमें अन्य समाजसेवियों ने भी आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की।



रामगंजमंडी चिकित्सालय में सेवाएं दे रहे समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इन समाजसेवियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उपखण्ड अधिकारी राजेश डागा द्वारा प्रशासन की ओर से ऐसे समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में युवा दल के राजकुमार पारख ने बताया कि पूर्व में भी युवा दल गैर राजनीतिक संस्था ने पुराने अस्पताल में खूब जनहितकारी कार्य किए, कॉटेज वार्ड एक्सरे रूम व अन्य जनहितैषी कार्य समाजसेवी लोगों की मदद से करवाये गए थे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा भी तत्कालीन चिकित्सा मंत्री ने युवा दल के कार्यों को देखकर की थी। 10 दिनों पूर्व उपखण्ड अधिकारी राजेश डागा की पहल पर युवा दल के सदस्यों ने अस्पताल में सेवा शुरू की तो अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है,डॉक्टर हमेशा मिल रहे है, समय पर जो डाक्टर है उनकी सेवाएं बेहतर है। साफ सफ़ाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, मरीजों को सकारात्मक एनर्जी मिल रही है।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजेश डागा ने युवा दल के राजकुमार पारख व उनकी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी या आमजन इसी समय के लिए अपने पद पर रहता है ऐसी छाप छोड़ी जाए कि वह रिटायर्ड हो तो याद रहे। क्षेत्र के धन सम्पन्न है, कुछ करने का जज्बा है, राजकुमार पारख ने आगे होकर प्रयास किया। हम कोशिश करें कुछ अच्छे कार्य समाजसेवा का करें, उस अंजाम तक पहुंचे कि रोगी यह समझे सरकारी अस्पताल की जगह प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा रहे है। समारोह में राजू भाई पोरवाल, अंजना गुप्ता, ममता, शेलेन्द्र विनायका, अमित कुमार, राधेश्याम गुप्ता, उपाध्याय, मुकेश गर्ग, जानकीलाल, कुमावत, विनोद पोरवाल, बाबू भाई पोरवाल, टीकम व संजय मित्तल, चेरी भाई सलूजा, गोल्डी सुनेजा, बद्रीलाल पोरवाल, पंकज कुमार, सुमित कथूरिया, प्रियांशु जैन, फिरोज खान, हरीश माहेश्वरी, बालूसिंह, शरद जैन, बंटी भाई, अंतिम सहित कई समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र माला पहनाकर सम्मानित किया।

उपखण्ड अधिकारी ने जगदीश एम आर एफ की ओर से मरीजों को दोनों समय नि:शुल्क भोजन देने वाली भोजनशाला का भी निरीक्षण किया व प्रशंसा की।

## साईस लिट्रेचर फेस्टिवल का शुभारंभ

बारां, (निसं)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान के सान्निध्य में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी 2022 को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम की श्रृंखला में जिले में राजस्थान साईस लिट्रेचर फेस्टिवल आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ जिला कलक्टर नरेन्द्र गुप्ता ने राजकीय महाविद्यालय बारां में दीप प्रज्जवलन कर किया। जिला कलेक्टर ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का काफी महत्व है क्योंकि विज्ञान ने मानव जीवन में काफी बदलाव किया है जिससे कई दैनिक क्रियाकलाप सुगमता से संभव हो गए हैं। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके गोचर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा साईस लिटेचर फेस्टिवल का आयोजन सराहनीय कदम है और विद्यार्थी इस आयोजन में सक्रियता से भाग लेकर ज्ञानवर्धन करेंगे।

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 3650 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 19.1.2022

आवास संख्या 1-य-27 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री अब्दुल लतीफ पुत्र श्री अब्दुल गफूर को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री अब्दुल लतीफ पुत्र श्री अब्दुल गफूर द्वारा दिनांक 02.02.1991 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरान्त श्री अब्दुल लतीफ पुत्र श्री अब्दुल गफूर द्वारा इस आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 09.06.2021 को श्री जावेद अहमद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ को किया गया। श्री जावेद अहमद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दान पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री जावेद अहमद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ का नाम दान पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये के इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्री जावेद अहमद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ का नाम दान पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्री जावेद अहमद पुत्र श्री अब्दुल लतीफ का नाम दान पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

# भ्रष्ट अधिकारियों को अरेस्ट करवाने वालों के साथ एसीबी हमेशा खड़ी है : सोनी

■ एसीबी के महानिदेशक बी.एल. सोनी ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया

**रावतभाटा,** (निसं)। एसीबी के महानिदेशक बी.एल. सोनी ने बुधवार को एक और नवाचार करते हुए जिला कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीओ हॉल में राजस्थान सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर आमजन हेतु आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित किया एवं जिले के विभिन्न संगठनों से संवाद किया। एसीबी डीजी बीएल सोनी ने कहा कि यह आमजन का अधिकार है कि बिना रिश्वत के सरकारी कार्यालयों में आपके काम हो सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी आपसे रिश्वत की मांग करें तो एसीबी को नंबर 1064 पर कॉल करें या फिर 9413502834 पर व्हाट्सएप करें, हम हमेशा आपके अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।



एसीबी महानिदेशक बीएल सोनी ने जिला कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीओ हॉल में जन संवाद किया।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग भ्रष्ट अधिकारियों को अरेस्ट करवाते हैं उनके साथ एसीबी हमेशा खड़ी रहती हैं। उन्होंने बताया कि एसीबी कई प्रकार की कार्रवाई करती है, जिसमें ट्रैप कार्रवाई, आय से अधिक संपत्ति की जांच, पद का दुरुपयोग, सरप्राइज चेक आदि शामिल है।

एसीबी डीजी बीएल सोनी ने कहा कि हम अगली पीढ़ी को भ्रष्टाचार मुक्त समाज विरासत के रूप में देना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायत करने वालों की गोपनीयता के लिए सीधी हमेशा प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि एसीबी ने कई नवाचार किए हैं, जिसमें फेसलेस व्यवस्था, एक करोड़ का रिवॉल्विंग फंड की व्यवस्था आदि शामिल है।

जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल, एसपी प्रीति जैन, जिला परिषद सीईओ अपर्णा गुप्ता, एडीएम (द्वितीय) ज्ञानमल खटीक, एडिशनल एसपी एसीबी विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

डीआरडीए हॉल में जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एसीबी महानिदेशक बीएल सोनी का नगर परिषद चेयरमैन संदीप शर्मा, जौहर स्मृति संस्थान, मार्बल एसोसिएशन चित्तौड़गढ़, अखिल भारतीय खटीक समाज जिला अध्यक्ष, अंजुमन मिल्लते इस्लामिया, महाराणा भूपाल शिक्षा समिति, चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, महाराणा कुंभा समिति, वंडर सीमेंट सीएसआर हेड हेमेंद्र सिंह झाला, सीएसओ नागेन्द्र सिंह चुंडावत, राहुल व्यास, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा, बार एसोसिएशन, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन, स्वर्णकार समाज, लघु उद्योग भारतीय सहित विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## प्रदेश अध्यक्ष पर हुए हमले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**कोटा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी कोटा देहात के ताथेड़ व कैथून मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा उपखण्ड कार्यालय पर मंडल अध्यक्षों के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। मंडल अध्यक्ष शंभू दयाल तंवर व नेमीचंद नागर ने बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की कोई चीज नहीं है, आए दिन जनप्रतिनिधियों पर हमले हो रहे हैं कोटा प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया पर योजना बनाकर जानलेवा हमला किया गया, हमला करने वाले अपराधी खुले में घूम रहे पर पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, कार्यकर्ताओं द्वारा उपखण्ड अधिकारी दीपक मित्तल को अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करवाने के लिए राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी शंकर लाल टाटा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर खटाना, जिला महामंत्री ललित शर्मा, नारायण गोयल, जिला मंत्री बादल नायक, सुरेश शर्मा, मंडल महामंत्री गौरव मेहरा, पंचायत समिति सदस्य चेतन मेघवाल, बलवीर सिंह, हंसराज नागर आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया



**बारां,** (निसं)। अठावाल महिला जागृति संगठन बारां द्वारा मनिहारा धाम पर बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संगठन संस्थापिका मंजू गर्ग, अध्यक्षा पिंकी गोयनका ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक उषा संजय गोयल, अल्का गोयल, रूपाली गोयल, शशि अठावाल व नेहा गुप्ता ने सभी अग्र मातृशक्ति का रोली तिलक व बसंती पीले फूलों का टिकला लगाकर स्वागत किया, जहां बसंत महीने में प्रकृति पीली चादर से अपना श्रृंगार करती है। वहीं सभी मातृशक्ति पीले रंग की साडी पहनकर आई। बसंतोत्सव में बसंत क्लीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके पीले फूलों से सज-धज कर मंडल सदस्याओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। बसंत क्वीन का खिताब साधना बसंल के नाम रहा। वहीं फर्स्ट रनरअप मंजू मित्तल व सैकंड रनर अप शकुंतला गुप्ता रही। महामंत्री मंजू आनंद गर्ग व कोषाध्यक्ष मंजू बंसल ने बताया कि बसंतोत्सव को ओर अधिक खुशनुमा बनाने के लिए कई अन्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बसंत उत्सव पतंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उषा निरंजन गोयल व द्वितीय स्थान साधना बंसल ने प्राप्त किया। वहीं बसंत तम्बोला का फूल हाउस पिंकी गोयनका व नीतू गुप्ता के नाम रहा। विजेताओं को पारितोषिक दिए गए। मंजू गर्ग ने बताया कि संगठन संरक्षक शकुंतला गुप्ता के विवाह वर्षगांठ के 50 साल पूरे होने पर केक काटकर उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए बधाईयां दी। इस अवसर पर सरिता गुप्ता, शशि गर्ग, सुनीला अठावाल, आशा गुप्ता, मंजू गोयल, इन्दू गोयनका, पुष्पलता गोयल, प्रिया गोयल, सुमन ड्रोलिया, चंचल मित्तल, राधा मित्तल, राखी गोयल, मनीषा जिंदल, दमयंती बंसल, मंजू बंसल, नीलू सिंघल, लील गोयल, मनीषा गोयल, हेमलता गर्ग, उर्मिला बंसल, निशा गोयनका आदि सदस्याएं उपस्थित थी।

### खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन

**बारां,** (निसं)। नेहरू युवा केन्द्र बारां के तत्वावधान में जिला स्तरीय अन्तर युवा मण्डल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल संकुल, बारां में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी आर मेघवाल एल.डी.एम बारां, विशाल सिंह जिला खेल अधिकारी बारां, विजय बैरवा सदस्य जिला युवा बोर्ड थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र कुमार मधुकर ने की। इस जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं की विजेता टीमों एवं खिलाडियों ने भाग लिया जिनमे ब्लॉक अन्ता, अटरू, किशनगंज, छबडा, बारां की विजेता टीमों ने कबड्डी, रस्साकस्सी , बालीबॉल 100 मीटर दौड एवं लम्बी कूद में भाग लिया। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों एवं खिलाडियों को ईनाम एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक नुरिन्ता मीना ने संचालन किया एवं कार्यक्रम के अन्त मे सभी अतिथिगण शारीरिक शिक्षको एवं युवा मण्डलों के सदस्यों का आभार राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक पिंकी भार्गव ने माना। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकगण भगवती बैरवा, विवेक शर्मा, प्रवीण शर्मा, ने उपस्थित होकर सहयोग दिया।

### जल जागरण कार्यशाला आयोजित

**झालावाड़,** (निसं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र झालावाड़ के तत्वाधान में जल जागरण अभियान कार्यशाला का आयोजन नेहरू युवा मंडल कालीतलाई के सहयोग से आयोजित हुआ। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र जिला अधिकारी दीर्घा राजावत ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण आभियान के तहत कैच द रेन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी एवं पानी के महत्व को बताते हुए उसे जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक बताया। साथ ही भविष्य में जल संकट से बचने के उपाय बताए। मुख्य वक्ता के रूप में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जेईएन रायसिंह गुर्जर द्वारा जनता जल मिशन कार्यक्रम के तहत वर्तमान में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। एमटीएस नरेंद्र शर्मा द्वारा नेहरू युवा केंद्र द्वारा चलाए जा रहे कोर कार्यक्रम और नेहरू युवा केंद्र के उद्देश्यों की जानकारी दी। नेहरु युवा मंडल काली तलाई अध्यक्ष दुर्गेश सेन द्वारा युवाओं को नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए जागृत किया। कार्यक्रम में पुरसिंह पटेल, राधेश्याम शर्मा, पिरुलाल उपस्थित रहे।

### विशाक्त के सेवन से विवाहिता अचेत

**छबड़ा,** (निसं)। छबड़ा क्षेत्र के कोटड़ी गांव निवासी एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते विशाक्त पदार्थ को सेवन कर लिया, जिसे उपचार के लिए बारां रैफर कर दिया। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार कोटड़ी गांव निवासी ललिता (60) पत्नि जगदीश कालबेलिया ने अज्ञात कारणो के चलते विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसे छबड़ा चिकित्सालय में लाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने बारां रैफर कर दिया है।

### आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

**छबड़ा,** (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां द्वारा दिए विवादित बयान से आक्रोषित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रेवती गेरा व नगर अध्यक्ष दिग्विजयसिंह ने बताया कि गुरूवार को पूर्व जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन खान के नेतृत्व में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने के विरोध में उपजिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

**बारां,** (निसं)। लोक कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महावीर साहू ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ. कल्पना श्रृंगी. डॉ. भावना शर्मा. डॉ. अर्पणा शर्मा ने सभी बालिकाओं को भारतीय लोक संस्कृति को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से पेश करने के लिए जागरूक किया।

# खैरूणा गांव में बनाया 'जींस पार्क'

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी का गांव खेरुणा जिले के प्रथम ओडीएफ प्लस आदर्श गांव के कारण चर्चा में है। गांव को रचनात्मकता के साथ नया रूप देते हुए इसे संवारा गया है।

हाल ही में एक और नया प्रयोग कर यहां अनूठा पार्क तैयार किया गया है। इसमें पुरानी जींस का बेहतरीन उपयोग करते हुए इनमें प्लांटेशन किया गया है। इसे नाम दिया है 'जींस पार्क'। विकास अधिकारी जगजीवन कौर के निर्देशन में गांव में सौन्दर्यकरण किया गया है। रचनात्मकता के साथ विभिन्न स्थाानों को संवारा गया है। हाल ही में बीडीओ के निर्देशन में यहां पुरानी जींस का एकदम नए अंदाज में प्रयोग करते हुए इन्हें गमलों के रूप में इस्तेमाल किया गया है। इनमें तरह-तरह के सजावटी पौधे लगाए गए हैं। इस तरह एक नए थीम पर पार्क विकसित किया गया है जिससे पुरानी वस्तुओं के बेहतरीन उपयोग का संदेश दिया गया है। पहले भी यहां पुरानी और अनुपयोगी पडी वस्तुओं को आकर्षक रंगों से सजाकर एकदम नया रूप देकर निखारा गया है। पहियों, पीपों, डब्बों आदि को रोचक तरीके से सजाते हुए इन्हें उपयोगी बनाया गया है। पुरानी नाकारा पड़ी बैलगाडी तो यहां आकर्षण का खास केन्द्र बन चुकी है।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण में ग्रामों के ठोस एवं तरल कचरे का प्रबन्धन कर ओ.डी.एफ. प्लस ग्राम के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को पूरा करते हुए खैरूणा गांव जिले का पहला मॉडल ओडीएफ प्लस गांव बना है। यहां पहले जगह-जगह अतिक्रमण से रास्ते और सार्वजनिक स्थान खराब हो रहे थे। नालियों का बुरा हाल था, कचरे, गोबर के ढ़ेर लगे थे जिससे समस्त ग्राम का वातावरण दूषित हो रहा था।जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरलीधर प्रतिहार के निर्देशन में विकास अधिकारी जगजीवन कौर की टीम जिसमें पंचायत समिति, बून्दी व ठाम पंचायत रामनगर के अधिकारियों, कर्मचारियों व जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से रात्रि चौपालों का आयोजन कर ग्रामवासियों को ठोस एवं तरल संसाधन प्रबंधन के बारे में अवगत करवाया। अतिक्रमण हटाने व बबूल के पेडों की बाड़ के स्थान पर एल्यूमिनियम की जालियां आदि लगाने को प्रेरित किया गया। जन सहयोग से प्रत्येक घर में निजी कचरा पात्र रखवाया गया।

# कन्या महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

**बून्दी,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी में सरगम-2022 के अन्तर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरव एन. सोनी द्वारा की गई। खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ गोला फेंक प्रतियोगिता के द्वारा हुआ। प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम गोला फेंक कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

गोला फेंक में प्रथम स्थान हेमंता मीणा, द्वितीय स्थान पर राधिका नायक एवं तृतीय स्थान पर आरती यादव ने प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान पर कमशः सुमीत्रा गुर्जर व पूजा कुमारी रही।

तीन टांग में प्रथम खुशी साहनी व किरण मेघवाल, द्वितीय स्थान पर नैना यादव व सपना नायक, तृतीय स्थान पर इति शर्मा व सुमित्रा गुर्जर रहीं। नीम्बू चम्मच दौड़ में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर कमशः नैना यादव, गुड्डी कुमारी व उमा बैरागी रही। डिस्क थ्रो में प्रथम स्थान पर नैना यादव, द्वितीय स्थान पर आरती यादव और तृतीय स्थान पर राधिका नायक और किरण मेघवाल रही।



राजकीय कन्या महाविद्यालय, बून्दी में सरगम-2022 के अन्तर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

निशानेबाजी में मिथलेश कुमारी प्रथम स्थान पर द्वितीय स्थान पर नैना यादव व करिशमा नायक तृतीय स्थान पर इति शर्मा व हंसा कुमावत रही। निर्णायक मण्डल में विनोद कुमार मीणा, डॉ. हेमराज सैनी, डॉ. चम्पा अठावाल, मनीलता पचानौत रहें। समस्त खेलकूद प्रतियोगिताएं खेलकूद प्रभारी बीरम देव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई जिसमें उनका सहयोग लाल बहादूर सिंह, सौरभ तगाया और लक्ष्मी प्रजापत द्वारा दिया गया अन्त में समठा प्रभारी आर ए कारगवाल द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

# कोटा-बीना रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिये 280 करोड़ रुपये मिले

**बारां,** (निसं)। जिले से शाहाबाद, शिवपुरी होकर झांसी रेलवे लाइन का इंतजार इस बजट में भी पूरा नहीं हो सका है। वहीं कोटा-बीना रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए 280 करोड़ रुपए मिले हैं।

कोटा-बीना रेलवे लाइन दोहरीकरण से जहां जिले में ट्रेनों और मालगाड़ियों की संख्या बढ़ेगी, वहीं आवाजाही में कम समय लगेगा। बारां से शाहाबाद, शिवपुरी, झांसी रेलवे लाइन के सर्वे को लेकर घोषणा नहीं होने लोगों में निराशा है। जिले में वर्तमान में कोटा-बीना रेलवे लाइन से ट्रेनों ओर मालगाड़ियों का आवागमन होता है। यह अंता, बारां, अटरू, छबड़ा उपखंड मुख्यालय जुड़े हुए हैं। वहीं मध्यप्रदेश से सटे हुए किशनगंज, शाहाबाद, शिवपुरी होकर झांसी के लिए लंबे समय से रेलवे लाइन बिछाने की मांग की जा रही है। जनप्रतिनिधियों की ओर से आश्वासन भी दिया जाता है, लेकिन यह रेलवे लाइन धरातल पर नहीं आ पा रही है। बारां से शाहाबाद, शिवपुरी होकर झांसी तक रेलवे लाइन बिछने से जिले में कारोबारियों गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। साथ ही पर्यटन को लेकर भी प्रमुख क्षेत्रों तक सहज जुड़ाव होगा। कोटा रेलवे अधिकारी बीएम गुप्ता ने बताया कि कोटा-बीना रेलवे लाइन दोहरीकरण को 280 करोड़ रुपए का बजट मिला है।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष ललितमोहन खडेलवाल का कहना है कि आजादी के सात दशक बाद भी किशनगंज शाहाबाद से शिवपुरी, झांसी रेलवे लाइन नहीं बिछने से क्षेत्र का विकास बाधित हुआ है। व्यापारिक गतिविधियां परवान पर नहीं है। बारा से झांसी रेलवे लाइन बिछने से व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेगी। पर्यटन को लेकर भी नए संभावनाएं होगी। रोजगार को लेकर होने वाला पलायन रुकेगा।

सांसद दुष्यंत सिंह का कहना है कि बारां शहर से गुजर रही बीना-कोटा रेल लाइन से बारां का बड़े शहरों से होगा सीधा जुड़ाव होगा। बजट में इस लाइन के दोहरीकरण कार्य के लिए 280 करोड़ रुपए की राशि मिली है।

बजट में राशि नहीं मिलने से क्षेत्रवासियों में निराशा है। अभी कोटा से भरतपुर, अछनेरा, कासगंज, मथुरा, फरुखाबाद से कानपुर 705 किमी है। कोटा से भरतपुर, मथुरा, इटावा से कानपुर 628 किमी दूर है।

कोटा से बयाना, फतेहपुर सीकरी, आगरा, फिरोजाबाद होकर 587 किमी दूरी है। यानि बारां से जाना है, तो 66 किमी कोटा तक का सफर करना पड़ेगा। बारां से सीधी लाइन बिछती है, तो कानपुर की दूरी करीब 450 किमी ही रहेगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने बारां झांसी रेल लाइन सर्वे व निर्माण को बजट में शामिल नहीं कर बारां जिले की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के पिछड़े व आदिवासी क्षेत्र के यह लाइफ लाइन होगी। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मेल भेज कर अपना वायदा याद दिलाया। कांग्रेस नेता यादव ने बताया कि दिसंबर 2021 में रेल मंत्री को बारां से झांसी वाया शाहबाद, शिवपुरी रेल लाइन निर्माण की मांग की थी। रेल मंत्री ने इसी बजट में सर्वे का प्रावधान रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन राशि आवंटित नहीं होने से निराशा है। उन्होंने कहा कि सांसद दुष्यंत सिंह भी इस रेल लाइन के निर्माण पर सहमत थे। इसके निर्माण से जयपुर, कोटा, बारां के व्यापारिक संपर्क उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल व नेपाल से सुविधाजनक व लाभदायक बनेंगे।

## चोरी की वारदात के 2 आरोपी गिरफ्तार

**बारां,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक बारां कल्याणमल मीना द्वारा अवैध कार्यो जुआं, सट्टा, अवैध शराब बिक्री, नकबजनी, चोरी, अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिये चलाए जा रहे अभियान एवं पुराने प्रकरणों में फरार आरोपियों की धरपकड संबंधी अभियान के आदेश की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार के निकटतम सुपरविजन में पूजा नागर वृताधिकारी वृत छबड़ा के नेतृत्व में विजेन्द्र सिंह उनि थानाधिकारी थाना हरनावदाशाहजी ने बस स्टैण्ड पर रखी लोहे की गुमटी की चोरी के प्रकरण में दोआरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया माल-मशरूका बरामद किया है। मुल्जिमानों से अन्य वारदातों के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

## तीन सौ पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार


अवैध शराब के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

**बारां,** (निसं)। पुलिस अधीक्षक बारां कल्याणमल मीना ने सभी थानाधिकारियों व वृताधिकारियों को अवैध मादक पदार्थों, अवैध हथियार एवं अवैध शराब इत्यादि की तस्करी की रोकथाम हेतु अभियान चला कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इस पर अभियान को सफल बनाने हेतु विजय स्वर्णकार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देषन में तरूण कान्त सोमानी वृत्ताधिकारी अन्ता के नेतृत्व में बनेसिंह उनि. प्रभारी थाना अन्ता ने मय टीम के ठिकरिया तिराहा कस्बा अन्ता एनएच 27 पर दौराने नाकाबन्दी के एक टाटा पिकअप को रूकवाकर चालक से पूछताछ की तो संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। जिस पर संन्देह होने पर उक्त पिकअप को चैक किया गया तो पिकअप चालक बंटी व उसके खलाशी राजु उर्फ बांकिया के कब्जे से 300 पेटी अवैध शराब सहित पिकअप को जब्त किया जाकर मुल्जिमानों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपियों के विरूद्व एक्साईज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर शराब तस्करी में लिप्त अन्य अभियुक्तों के बारे में अनुंसधान किया जा रहा है। बारां पुलिस की अवैध शराब के विरूद्व आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

# विशेष योग्यजनों को मोटराइज्ड स्कूटर वितरित किये

**झालावाड़,** (निसं)। राजकीय एवं मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत एवं रोजगार करने वाले विशेष योग्यजन युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बजट घोषणा-2021 की बिन्दु संख्या 120 के अन्तर्गत निःशुल्क मोटराइज्ड स्कूटर पूर्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री एवं शासन सचिवके माध्यम से दिसम्बर में विश्व विकलांग दिवस पर वर्चुअली वितरित किए गए थे जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर द्वारा जिले को प्राप्त होने के पश्चात् बुधवार को 13 विशेष योग्यजनों को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गुर्जर एवं मनोहरथाना पूर्व विधायक कैलाश मीणा द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड स्कूटर प्रदान किए गए।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक गौरीशंकर मीना ने बताया कि विशेष योग्यजन रामबाबू दांगी, दयाराम लोधा, रेणुका पाटीदार, श्रवणलाल, जगदीश चंद, महिपाल सिंह, कमलेश कुमार, दुर्गेश कुमार मेघवाल, देवीशंकर मेवाड़ा, पुष्पेन्द्र सिंह, दीनदयाल, टीना मीना, दुर्गालाल को निःशुल्क मोटराइज्ड स्कूटर वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान लाभार्थियों को मोटराइज्ड स्कूटर के साथ वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं हेलमेट भी दिए गए।इस दौरान जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिधि बी.टी., अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक हंसराज मीणा, सिद्दीक गौरी, देवकीनंदन वर्मा, राजेन्द्र शर्मा, अम्बेश मीणा, ओम पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।


विशेष योग्यजनों को जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह गुर्जर एवं मनोहरथाना पूर्व विधायक कैलाश मीणा द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड स्कूटर प्रदान किए गए।

## दंपत्ति ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया

**बारां,** (निसं)।बोरेन निवासी थाना भंवरगढ एक दंपत्ति ने बुधवार को दोषी पुलिसकर्मियों की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि प्रार्थिया ललता बाई व उसके पति इन्द्र सिंह बंजारा के मध्य करीबन दो माह पूर्व घरेलू बातों को लेकर आपसी विवाद हो गया था। इस बाबत प्रार्थिया ने एक तहरीरी रिपोर्ट भंवरगढ थाने में लिखवा दी थी, जिस पर प्रार्थिया व उसके पति के मध्य राजीनामा हो गया। उक्त राजीनामा को पेश करने के लिए जांच प्रभारी ने बुलाया। जिस पर प्रार्थिया अपने पति इन्द्र सिंह को अपने साथ लेकर थाने में राजीनामा दिलवाने के लिए 8 फरवरी को दिन के 2 बजे करीबन गए थे। इस पर थाना भंवरगढ में तैनात उक्त जांच प्रभारी ने प्रार्थिया को थाने के चौक में बैठा दिया व प्रार्थियां के पति इन्द्र सिंह को जांच प्रभारी कमरे में ले गया। जहां थाने में तैनात एक कांस्टेबल व अन्य दो तीन पुलिसकर्मी ने मिलकर मारपीट की। प्रार्थी इन्द्र सिंह ने इसका विरोध किया तो और ज्यादा मारपीट की। इन्द्र सिंह की चीख चिल्लाहट सुन कर प्रार्थियां ललता बाई थाने के कमरे की तरफ दौडी और उसने बडी मुश्किल से कमरे का गेट खुलवाकर अपने पति को मारपीट से बचाने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने प्रार्थियां को डांट फटकार कर बाहर भगा दिया। प्रार्थियां ने कहा कि मेरा तो राजीनामा हो रहा है फिर आप मेरे पति को क्यों मार रहे हो। मारपीट से इन्द्र सिंह के अंदरूनी चोटे आई है। पीडित दंपति ने इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषि पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

